www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
6 जनवरी 2025, नोएडा, नगर संस्करण

वर्ष 90, अंक 05, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 ● पांच प्रदेश ● 24 संस्करण

अजमेर दरगाह पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से चादर चढ़ाई गई P-07

गाजियाबाद आरआरटीएस से नोएडा एयरपोर्ट तक 72.4 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछेगा, केंद्र सरकार से अनुमति मिलते ही काम शुरू होगा

दिल्ली के बाद अब जेवर तक नमो भारत परियोजना रफ्तार पकड़ेगी

तैयारी

ग्रेटर नोएडा/गाजियाबाद। वरिष्ठ संवाददाता। नमो भारत ट्रेन का साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक का कॉरिडोर रविवार को शुरू हो गया। अब जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक यह परियोजना रफ्तार पकड़ेगी। इसके लिए गाजियाबाद के सिद्धार्थ नगर से वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सेक्टर अल्फा-1 से कासना होते हुए एयरपोर्ट तक एलिवेटेड ट्रैक बिछेगा। केंद्र सरकार की मंजूरी मिलते ही परियोजना पर काम शुरू हो जाएगा।

गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक नमो भारत ट्रेन चलाने के प्रस्ताव को राज्य सरकार हरी झंडी दे चुकी है। इसके बाद इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) मंजूरी के लिए पिछले साल सितंबर में केंद्र सरकार को भेजी गई। डीपीआर के अनुसार, 72.4 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक पर 22 स्टेशन होंगे। इसके स्थान भी निर्धारित कर लिए गए हैं। इनमें 11 स्टेशन नमोभारत और 11 मेट्रो के होंगे, जिन्हें भविष्य में 35 स्टेशन तक बढ़ाया जा सकेगा। नमो भारत ट्रेन और मेट्रो में छह-छह बोगी होंगी।

ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य वर्ष 2031 निर्धारित किया गया है। परियोजना में कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च आएगा। एक्वा मेट्रो लाइन को भी नमो भारत से जोड़ने की तैयारी है। एक्वा लाइन का नोएडा के सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 तक विस्तार किया जाएगा। इसे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक जाने वाली नमो भारत ट्रेन की लाइन से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में जोड़ा जाएगा।

इसी ट्रैक पर एलआरटी भी चलेगी : एयरपोर्ट तक बिछने वाले इसी ट्रैक पर नमो भारत, मेट्रो के साथ लाइट ट्रांजिट ट्रेन (एलआरटी) भी चलेगी। इसका संचालन फिल्म सिटी से सीधे एयरपोर्ट के लिए होगा। एलआरटी 21 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। नमो भारत ट्रेन की सात मिनट और एलआरटी की आठ मिनट रहेगी।

पूरे ट्रैक का निर्माण एक साथ किया जाएगा

पहले चरण में गाजियाबाद के सिद्धार्थ नगर से सेक्टर इकोटेक-6 तक 39.39 किलोमीटर लंबा ट्रैक बनना था, जबकि दूसरे चरण में सेक्टर इकोटेक-6 से एयरपोर्ट तक 32.90 किलोमीटर का ट्रैक बनना था। अब पूरा ट्रैक एक साथ बनेगा। नमो भारत ट्रेन 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी और मेट्रो की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। वर्ष 2031 तक रूट पर 3.09 लाख यात्री होंगे।

केंद्र और राज्य सरकार का 40 प्रतिशत अंशदान

परियोजना को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार और यूपी सरकार का अंशदान 20-20 प्रतिशत होगा जबकि 60 फीसद अंशदान की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की होगी।

आबादी का सर्वेक्षण हुआ : परियोजना शुरू होने के बाद इससे लाभान्वित होने वाली आबादी का सर्वेक्षण भी कराया जा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक नोएडा में 1,55,281 फ्लैट और 3500 किसानों के प्लॉट परियोजना के आसपास क्षेत्र में आ रहे हैं। यह पूरी आबादी 1100 हेक्टेयर क्षेत्रफल में निवास करती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर स्टेशन तक नमो भारत में सफर कर कॉरिडोर का शुभारंभ किया।

नोएडा जाने वालों को सहूलियत

गाजियाबाद/नोएडा। नमो भारत के चौथे चरण की शुरुआत होने से गाजियाबाद से नोएडा सेक्टर-15 और 16 की ओर और न्यू अशोकनगर व मयूर विहार की तरफ जाने वालों का काफी समय बचेगा। नौकरीपेशा लोग रोजाना नोएडा फिल्म सिटी, सेक्टर-15 और आसपास आते-जाते हैं।

कुछ लोग अपने वाहनों से जाते हैं तो कुछ ऑटो, बस और मेट्रो का साधन अपनाते हैं। पुराने शहर में रहने वाले जिन लोगों को मेट्रो से जाना है, उनके पास रेड लाइन मेट्रो का ही विकल्प है। नमो भारत से यू अशोकनगर की ओर जाने वालों को भी सहूलियत मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड से यात्रा की

गाजियाबाद/नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साहिबाबाद स्टेशन से नमो भारत ट्रेन में न्यू अशोक नगर स्टेशन तक यात्रा की। उन्होंने साहिबाबाद स्टेशन पर यूपीआई भुगतान प्रणाली का उपयोग कर नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड खरीदा।

नमो भारत की यात्रा पर प्रदर्शनी देखी: प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद नमो भारत स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर एनसीआरटीसी द्वारा 'नमो भारत- यात्रा राष्ट्र निर्माण की' शीर्षक से आयोजित फोटो प्रदर्शनी देखी। प्रदर्शनी में राष्ट्र निर्माण की यात्रा में नमो भारत परियोजना के योगदान और दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम की अत्याधुनिक एसेट मैनेजमेंट सिस्टम का भी अवलोकन किया। लोगों में नमो भारत ट्रेन को लेकर उत्साह दिखा। ट्रेन में लगी स्क्रीन पर रफ्तार दिखाई दे रही थी। ट्रेन जैसे ही 160 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार से दौड़ी तो लोग खुशी से झूम उठे।

› दिल्ली की राह आसान P 04